# एके एसो .व सिंगरौली ट्रेडर्स में जीएसटी टीम का छापा

## सात ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई से मचा हड़कंप, व्यवसायी टीम को देखकर भागे

**सिंगरौली 2 सितम्बर. जिले में एक कर सलाहकार बैढ़न के ताली स्थित एके एसोसिएट एवं सिंगरौली ट्रेडर्स समेत 7 ठिकानों पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी विभाग और ईओडब्ल्यू की टीम ने एक साथ छापेमार कार्यवाही की है.**




इस कार्रवाई में पता चला है कि जांच टीम को सिंगरौली ट्रेडर्स संचालक के पास से कई बोगस फर्म मिली है. उक्त कार्रवाई में सतना, रीवा और सिंगरौली की टीम शामिल हैं. जिसमें 22 सदस्य बताए जा रहे हैं. हालांकि टीम ने यह नहीं बताया कि कितने टैक्स की चोरी हुई है. देर शाम तक कार्रवाई जारी थी. आज दिन मंगलवार को ईओडब्ल्यू और जीएसटी के टीम को सिंगरौली ट्रेडर्स के खिलाफ बोगस कंपनियों के जरिए इनपुट टैक्स केडिट के नाम पर गड़बड़ी की शिकायत मिली थी. इसके बाद आज दोपहर करीब 1 बजें ईओडब्ल्यू और जीएसटी के अधिकारियों और पुलिस बल के साथ सिंगरौली ट्रेडर्स के संचालक साधु शरण के दुकान, गोदाम और एके एसोसिएट कर सलाहकार अनिल कुमार शाह के दफ्तर में छापे मारी शुरू की. इस दौरान टीम ने अलग-अलग सहित 6 ठिकानों पर छापा मार कार्यवाही की हैं. जांच टीम ने फर्म की पड़ताल की जा रही है.

> टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि सिंगरौली ट्रेडर्स किस संचालक ने कई बोगस फर्म के जरिए टैक्स की चोरी की है. कई फर्म ऐसी मिली है कि जिनके नाम से काम किया जा रहा है, लेकिन वह उस पते में है ही नहीं. काम करने वाला दूसरा व्यक्ति हैं, जबकि लाभ लेने वाला दूसरा व्यक्ति है. वहीं बोगस आईटीसी आगे पास ऑन कर विभाग को करोड़ों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया. यह कंपनी सिर्फ दस्तावेजों पर मौजूद थी और इसका इस्तेमाल टैक्स चोरी के लिए किया गया.

> इनपुट मिली थी कि फर्जी इनवॉइस के बेस पर फर्जी इनपुट टैक्स केडिट जनरेट करके शासन को जाने वाले पैसों में सेंध मारी कर सरकार के राजस्व की चोरी कर रहे थे, यह जिन कंपनियों का नाम बता रहे थे वह सही नहीं लग रहे हैं, जांच इनिशियल स्टेज पर है. सब जल्दी ही सामने आ जाएंगे.
> **- डॉ. अरविंद ठाकुर,** एसपी, ईओडब्ल्यू रीवा

> वोगस इनपुट टैक्स केडिट लेकर राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है. बहुत सारे ऐसे बिजनेस प्रेमिसेस पाए गए हैं जो सही नहीं है, ना ही वह व्यक्ति मिले हैं, कहीं पर भी व्यावसायिक गतिविधियां नहीं मिली है. बावजूद उसे इसके बिजनेस के जारी इनपुट टैक्स केडिट ली गई हैं.
> **- दीप खरे,** जॉइंट कमिश्नर, जीएसटी सतना

# सस्ते सोने का लालच देकर युवक को लूटा

**17 .5 लाख रुपए लूटे, माल सहित आरोपी पकड़े**

**खंडवा, 2 सितम्बर. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत लगभग एक जैसी रहती है. यह सब को पता है.**



इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के रायपुर का युवक 18 लाख रुपए में एक किलो सोना खरीदने 700 किलोमीटर दूर हरसूद आ गया. उसने बेचने वाले से बातचीत की और सोना नगर में खरीदने के लिए साढ़े 17 लाख रुपए भी ले आया. आरोपियों ने उसे झूमरखाली हरसूद के पास बुलाया. मौका पाते ही मारपीट कर रूपयों से भरा बैग छीन लिया. पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि घटना के बाद छत्तीसगढ़ रायपुर के युवक ने हरसूद पुलिस में मामला दर्ज करवाया. पुलिस ने भी तुरंत इस तरह की धोखाधड़ी करने वालों का जिले में पता लगाया. उनके नाम से तुरंत आरोपी पहचान लिए. उन्हें थाना लाया गया, तो लूटमार करने वाले ये ही आरोपी निकले.

**14 लाख का नगद व सामान जप्त:** पुलिसिया तरीके से कोई पूछताछ के बाद इनसे लगभग 14 लाख रुपए का मशरूका जप्त भी कर लिया. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हरसूद के कोर्ट में पेश किया गया. वहां से 2 दिन का पुलिस रिमांड मिला है. इन आरोपियों से और भी पूछताछ की जा रही है कि उन्होंने इस तरह की लूट पहले भी की है.

> फरियादी मयंक अपने साथियों के साथ तोरनिया झुमरखाली के आसपास हरदा रोड पर सुबह करीब 07.30 बजे पहुंचे. युवराज ने रोड से एक तरफ झाड़ियों मे तोरनीया सोलर प्लांट तरफ फरियादी मयंक व उसके साथियों को बुलाया. वहां पर युवराज नें फरियादी मयंक व उसके साथियों को सोने जैसी धातु के सिक्के दिखाकर मयंक के हाथ मे लिया. काला बैग जिसमें 17 लाख 50 हजार रूपये, रियलमी एक्स-टी मोबाईल, एटीएम कार्ड, आईडी कार्ड वगैरह सामान रखे थे.

# शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर किसान हुए लामबंद

**▶ ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर को सौंपा मांगों का ज्ञापन**

**सीधी, 2 सितम्बर.जिले के इकलौते सीमेंट प्लांट मझिगवां के द्वारा बाहर से लाने वाले कचरे की बदबू से ग्रामीण जन काफी परेशान हैं और बीमार हो रहे हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है. युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया गया था उसका पालन कंपनी प्रबंधन नहीं कर रही है.**

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा, समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण जन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर 15 दिवस के अंदर समस्या का समाधान करने की मांग किए हैं. 15 दिन के अंदर यदि उक्त समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन व कंपनी प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया तो ग्रामीण जन वृहद आंदोलन करेंगे.

मीडिया से चर्चा करते हुए जनपद सदस्य महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि सीमेंट प्लांट के माइंस क्षेत्र मझिगवां अन्तर्गत ग्राम पटना की आदिवासी बस्ती तथा बुढगौना माइंस आने के कारण हरिजन आदिवासी बस्ती ना तो विस्थापित किया जा रहा है और ना ही मांइस को समाप्त कराया जा रहा है. ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से अखिलेश पाण्डेय समाजसेवी भरतपुर, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, महेन्द्र सिंह भदौरिया जनपद सदस्य बघवार, अशोक ड्क्षसह पूर्व सरपंच बघवार, प्रशांत सिंह पूर्व जनपद सदस्य बघवार, अरुण त्रिपाठी जनपद सदस्य, अशोक सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सरिता बृजेन्द्र कुशवाहा सरपंच पिपरांव, राजकुमारी पाव सरपंच पटना, सीमा पाण्डेय जनपद सदस्य भरतपुर, मुकेश तिवारी उप सरपंच मझिगवां, रामलाल गोंड़ पूर्व सरपंच अमिलई, आदि सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

**यह है मामला**

सीमेंट प्लांट प्रबंधन द्वारा क्लिंकर की सप्लाई रेलवे से ग्राम नैकिन की जा रही है. उक्त कार्य में परिवहन कार्य को बाहरी ट्रांसपोर्टरों से कराया जा रहा है. जबकि स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को क्लिंटर सप्लाई का कार्य नहीं दिया जा रहा है. भारी वाहनों के आने जाने से नैकिन पहुंच मार्ग को क्षतिग्रस्त हो गया है. स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को नैकिन तक क्लिंकर की सप्लाई दिलाई जाये आदि 10 प्रमुख मांगें ज्ञापन में दी गई हैं. बस्ती की आबादी भूमि में जो लीज पट्टा दिया गया उसको निरस्त कराया जाये.

# 10 हजार की रिश्वत लेते सचिव गिरफ्तार

**रतलाम.** लोकायुक्त पुलिस के एक दल ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते एक पंचायत सचिव को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. एसडीएम द्वारा किए गए एक आदेश का पालन करने के लिए बांगरोद पंचायत सचिव महेश जाट ने आवेदक से एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी. लोकायुक्त पुलिस के अनुसार मामला 28 अगस्त का है. ग्राम बांगरोद निवासी राहुल बैरागी ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव को शिकायत की थी. पंचायत सचिव महेश जाट अवैध रजिस्ट्री को शून्य करने और एसडीएम रतलाम के आदेश का पालन करने के बदले 1 लाख की रिश्वत मांग रहा है.

# दूसरे दिन भी टीम ने खंगाले भुगतान दस्तावेज

**मामला 40 करोड़ रुपए के भुगतान का**

**रीवा, 2 सितम्बर, नागरिक आपूर्ति निगम रीवा में 40 करोड़ भुगतान से जुड़े रिकार्ड खोजने भोपाल से पहुंची तीन सदस्यीय टीम दूसरे दिन भी दस्तावेज खंगालने में जुटी रही. लेकिन कोई अहम दस्तावेज टीम के हाथ नही लगे.**



कुछ रिकार्ड मिले है जिन्हे टीम ने जप्त कर लिया है. जिला प्रबंधक एवं लेखापाल टीम के आवभगत में लगे रहे. जांच के दौरान कई दस्तावेज दुरस्त नही पाए गये. दो दिन जांच करने के बाद टीम भोपाल रवाना हो गई है. गौरतलब है कि नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय द्वारा मिलर्स और परिवहनकर्ताओं को भुगतान करने के लिये 40 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई थी. तत्कालीन जिला प्रबंधक अनिल मिश्रा एवं लेखापाल संजय सिन्हा द्वारा चुन-चुन कर अपने चहेते मिलर्स को भुगतान किया गया था. शिकायत के बाद प्रबंध संचालक ने तीन सदस्यीय टीम जांच के लिये रीवा भेजी. 6 माह के भुगतान का हिसाब किताब के रिकार्ड दो दिन तक टीम ने नान कार्यालय रीवा में खोजती रही, कुछ दस्तावेज टीम के हाथ लगे है. मुख्यालय पहुंचकर समस्त दस्तावेजो का लेखा जोखा तैयार होगा, उसके बाद ही करोड़ो के भुगतान में की गई अनियमितता से पर्दा उठेगा.

# खाद के लिए खुले आसमान के नीचे किसान

## कम मात्रा में पहुंच रही खाद और मांग इससे ज्यादा

**रीवा, 2 सितम्बर, जिले में खाद को लेकर महासंकट बरकरार है, कम मात्रा में खाद पहुंची है और मांग बहुत ज्यादा है. लिहाजा वितरण में मारामारी मची हुई है.**



करहिया मंडी सहित कई विपणन केन्द्रो में खाद के लिये किसान रात भर खुले आसमान के नीचे पडा रहा. टोकन व्यवस्था के साथ खाद वितरित की जा रही है. पुलिस और प्रशासन द्वारा खाद का वितरण कराया जा रहा है. हालत यह है कि रात में अकेले करहिया मंडी में दो हजार से अधिक किसान रात भर पड़े रहे. वही सिरमौर के उमरी विपणन केन्द्र में चकाजाम के बाद बुधवार को खाद का वितरण हुआ. भारी संख्या में किसान खाद के लिये कतार में लगे है. इसी तरह गुढ़ और अन्य केन्द्रो में भी खाद को लेकर मारामारी मची हुई है. आवश्यकता के अनुसार किसानो को खाद नही मिल रही, रात भर कतार में लगे रहने के बावजूद दो से तीन बोरी खाद मुश्किल से मिल पा रही है.

# अब टैबलेट से एसएससी का तैयारी करेगा अभिषेक

**▶ कलेक्टर ने छात्र की समस्या का किया समाधान**

**सिंगरौली 2 सितम्बर. चितरंगी विकास खण्ड के ग्राम बरहट निवासी अभिषेक अब एसएसएसी की ऑनलाईन तैयारी टैबलेट से करेगा.**



कलेक्टर के यहां पहुंच अभिषेक ने अपनी समस्या जताया. जहां ग्राम बरहट तहसील चितरंगी निवास छात्र अभिषेक ने कलेक्टर के पास पहुंच अपनी समस्या से अवगत कराते हुयें कहा कि मैं वर्तमान में एसएससी की तैयारी कर रहा हूं. किंतु घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण एसएससी की ऑन लाईन तैयारी करने में असमर्थ हूं. अभिषेक ने कहा कि अगर मुझे टैबलेट मिल जाये तो मैं बिना किसी परेशानी के अपनी तैयारी कर सकूंगा. जिस पर कलेक्टर ने छात्र का उत्साह बढ़ाते हुयें कहा कि तुम्हारी एसएससी की तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा नही होगी.

# नशे के विरोध में कांग्रेस ने घेरा एसपी ऑफिस

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमले का भी को लेकर भी किया विरोध

**जबलपुर, 2 सितम्बर. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमले और नशे के कारोबार विरोध में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी एवं जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया गया.**



कांग्रेसजनों का कहना है कि प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है और कानून-व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है. इस पर तत्काल कठोर कार्रवाई आवश्यक है. साथ ही, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जैसे संवैधानिक और लोकतांत्रिक पद पर आसीन नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है.

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में लगातार फैलते नशे के कारोबार पर रोक लगाने की माँग करना, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराना है. पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन अति. पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया.

# प्रेमी युगल की मालगाड़ी से कटकर मौत

**उमरिया.** बीते चार दिनों से लापता और लगभग दो-तीन दिन से रात्रि में महरोई स्टेशन में ही निवास कर रहे प्रेमी युगल ने बीती रात्रि में लगभग 4 बजे मालगाड़ी से कटकर आत्महत्या कर ली. घटना स्थल कटनी चोपन रेलखंड के 1143/39 किलो मीटर पर हुई. मृतक की पहचान भरत कोल पिता अशोक कोल उम्र 21 वर्ष, लड़की करिश्मा कोल पिता हल्के कोल उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खेरवा ग्राम पंचायत टिकुरी जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया के निवासी हैं. घटना की जानकारी लगते ही अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पीएम पंचनामा करा शव परिजनों को सौंप दिया.

# 'नए सिरे से संगठन का विस्तार किया जाएगा'

**संगठन सृजन अभियान के बाद कांग्रेस की प्रथम जिला स्तरीय बैठक**

**सीधी, 2 सितंबर. संगठन सृजन अभियान संपन्न होने के बाद कांग्रेस की प्रथम जिला स्तरीय बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुई.**



बैठक के प्रारंभ में महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई राष्ट्रगान के गायन पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा पधारे अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया.

बैठक में अपना मार्गदर्शन देते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने पुन: नियुक्त अध्यक्ष ज्ञान सिंह को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया सभी को साथ में लेकर नए सिरे से संगठन का विस्तार किया जाएगा और कांग्रेस ज्यादा मजबूत होकर जिले में आम जनता की समस्या और उनके हितों की लड़ाई लड़ेगी बैठक को संबोधित करते हुए और राहुल भैया ने आगे कहा कि वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन हम उम्र के लोगों का साथ और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर ज्ञान सिंह जिले में कांग्रेस का एक सशक्त संवेदनशील संगठन खड़ा करेंगे. अजय सिंह राहुल भैया ने संगठन के संदर्भ में चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि कर्मठ,सक्रिय और खाटी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही संगठन में जगह मिले. उन्होंने आशा व्यक्त की आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से जमीनी स्तर तक मजबूत संगठन जल्द तैयार होगा.

> जिला कांग्रेस कमेटी के पुन: नियुक्त अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मुझे पुन: संगठन का कार्य करने का दायित्व मिला है पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल सहित वरिष्ठ नेताओं का मुझे सहयोग मिलता रहा है और पूर्ण विश्वास है भविष्य में भी मुझे मिलता रहेगा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह में सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग और मार्गदर्शन से सभी वर्गों का समावेश के साथ नए संगठन में संघर्षशील एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को उपयुक्त जगह दी जाएगी.

# कांग्रेस संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने पद से इस्तीफा दिया

**मंदसौर.** कांग्रेस पार्टी के जिला संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को भेजे पत्र में संगठन मंत्री पद से कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया है. रघुवंशी ने पत्र में लिखा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा उन्हें मंडलम-सेक्टर संचालन, बीएलए और चुनाव संबंधी कार्यों के लिए जिम्मेदारी सौंपी. पद पर रहते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़े रखने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि लंबे समय से संगठन मंत्री पद के लिए कोई स्पष्ट निर्देश या कार्ययोजना नहीं होने के कारण इस पद पर बने रहने का औचित्य नहीं है.

# मृत मिला तेंदुआ, परीक्षण कर पता लगाएंगे मौत का कारण

**▶ वन विभाग की फॉरेनसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची**

**पारा/झाबुआ, 2 सितम्बर. समीपस्थ ग्राम ढोचका नाहरखोदरा में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिलने की जानकारी सामने आने के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पहुंची. पारां से करीब 15 किमी दूर ग्राम पंचायत ढोचका के नाहर खोदरा फलिये में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला.**




बताया जाता की मृत तेंदुए को किसी चरावाह बच्चे ने सबसे पहले देखा फिर ग्रामवासियो को उसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को तेंदुएं के मृत पढ़े होने की सूचना दी. ग्राम ढोचका में तेंदुआ के मृत मिलने की खबर मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा. साथ ही इंदौर से वन विभाग की फॉरेनसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची. घटना स्थल पर उपस्थित अधिकारी ने बताया की उक्त मृत तेंदुआ को इंदौर डिवीज़न ले जाया जावेगा जहां पर तेंदुएं के शव का परीक्षण कर पता लगाया जावेगा की तेंदुएं की मौत कैसे हुई.

**सादगी ▶ प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से की अपील, जन्मदिन पर होडिंग बैनर नहीं लगें**

# हेमंत खंडेलवाल की सादगी में भी बात है : राकेश शर्मा

**भोपाल, 2 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का जन्मदिन है. आम जनता को नेताओं के जन्मदिन पर बड़े-बड़े होर्डिंग और जगह-जगह बड़े आयोजन इसकी आदत पड़ गई है पर इसके उलट भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि उनके जन्मदिन पर होडिंग बैनर नहीं लगें.**



इस तरह की अपील पहले सुनाई नहीं दी.अपने आप में एक सादगी की प्रतिमूर्ति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हैं. साधारण पैंट- शर्ट में रहने वाले हेमंत खंडेलवाल सादगी पूर्ण जीवन जीने में विश्वास करते हैं.जिस पार्टी की केंद्र और प्रदेश में सरकार हो उसका प्रदेश अध्यक्ष इतना सरल और सौम्य है, इसकी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और आमजन तारीफ करते हैं. आप जब भी हेमंत खंडेलवाल से मिलने जाएंगे चेहरे पर एक एक मुस्कुराहट और गर्म जोशी से स्वागत, यह हेमंत खंडेलवाल की खूबियों में शामिल है.

हेमंत खंडेलवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में आने वाले हर कार्यकर्ता से बड़ी आत्मीयता से मिलते हैं और जब तक हर कार्यकर्ता से उनकी मुलाकात नहीं हो जाती वह प्रदेश कार्यालय में बैठे रहते हैं. जिन कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष से अलग से चर्चा करनी रहती है उन्हें वह अलग से समय देते हैं. सहज एवं सरल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी एक अलग जगह बना ली है. मीडिया के बंधु हों या आमजन,जब हेमंत खंडेलवाल का जिक्र आता है तो हर व्यक्ति उनके व्यक्तित्व की तारीफ करता है.राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अपने अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से प्रेरणा लेना चाहिए कि इतने बड़े पद पर रहने के बावजूद भी वह कितने सरल हैं क्योंकि जनता और आमजन आपके बारे में तब और बारीकी से नजर रखते हैं जब आप किसी जवाबदारी या पद पर आसीन हों.

> भाजपा चाल चरित्र और चेहरे वाला संगठन है यहां कुशाभाऊ ठाकरे, अटल बिहारी वाजपेई, सुंदर सिंह भंडारी सहित कई त्यागी मनीषियों ने अपना पूरा जीवन लगाकर इस संगठन को गढ़ा है और आम जनता में भाजपा के नेताओं की यही छवि बनी हुई है जिसे सहेजने का काम हेमंत खंडेलवाल कर रहे हैं .हेमंत खंडेलवाल से जब आप चर्चा करते हैं तो उनका व्यवहार ऐसा रहता है जैसे आप किसी परिवार के मुखिया के साथ बैठकर चर्चा कर रहे हैं.

# आरोन पुलिस ने दो जुआ के फडों पर मारी दबिश

**▶ नई गल्ला मंडी में ताश के पत्तों पर हार-जीत का खेल**

**गुना.** जिले की आरोन थाना पुलिस ने गत रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दो जुआ अड्डों पर धावा बोल दिया. कार्रवाई इतनी तेज और अचानक थी कि जुआरियों में भगदड़ मच गई. पुलिस ने नई गल्ला मंडी और भौंरा गांव के पास दो अलग-अलग जगहों से कुल 13 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ लिया. उनके पास से 24,100 रुपये नगद और ताश की गड्डियां जब्त हुईं. हालांकि सभी आरोपियों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है. पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि नई गल्ला मंडी में टीन शेड के नीचे कुछ लोग ताश पर लाखों का खेल कर रहे हैं. टीम मौके पर पहुंची तो पांच जुआरी पत्तों पर किस्मत आजमा रहे थे. पुलिस ने घेराबंदी कर इन्हें पकड़ लिया. इनके कब्जे से 9,200 रुपये नगद और ताश की गड्डी जब्त की गई. पकड़े गए आरोपियों में दीपक पुत्र कैलाश नारायण शर्मा, अंकित पुत्र घनश्याम शर्मा, लखन पुत्र पहलवान सिंह रघुवंशी, गोलू पुत्र केशव रघुवंशी और गोलू उर्फ रोकी पुत्र नरेंद्र रघुवंशी शामिल हैं, सभी आरोन कस्बे के निवासी बताए जा रहे हैं. दूसरी बड़ी कार्रवाई भौंरा गांव के पास पुलिया के समीप खेत में की गई. यहां आठ लोग खुलेआम ताश पर दांव लगा रहे थे.

# नदी नहाने गए बच्चों की डूबने से मौत

**शहडोल, 2 सितम्बर.** जिले के सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादर में मंगलवार की दोपहर बाद दो बच्चों की नदी में बह जाने से मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय दादर में कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले दो बच्चे संदीप पिता भजन सिंह व सौरव पिता कमलेश सिंह स्कूल समय में ही नदी की ओर चले गए और दोनों नहाने के लिए नदी में उतर गए, लेकिन पानी का तेज बहाव और गहराई उनकी समझ में नहीं आई और कुछ ही मिनटों में दोनों गहरे पानी में समा गए और लापता हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण नदी की ओर दौड़े. खोजबीन के बाद दोनों बच्चे के शव नदी से बरामद कर लिये गये.